# तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय दृष्टिकोण वाली नेतृत्व क्षमता अनिवार्य : भास्कर



**रायपुर@पत्रिका.** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में 16वां स्थापना दिवस मनाया गया। शिक्षाविदों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने संस्थान की अब तक की यात्रा और भविष्य में कार्यबल निर्माण में भूमिका पर विचार साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईएम अहमदाबाद के निदेशक प्रो. भारत भास्कर ने कहा कि आज के समय में तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय दृष्टिकोण वाली नेतृत्व क्षमता का होना अनिवार्य है। वही टाटा प्ले के सीएफओ संबासिवन ने कहा कि कॉर्पोरेट निर्णय-निर्माण में बहु-विषयक और चुस्त सोच की आवश्यकता बढ़ रही है। डीएस ग्रुप के कॉर्पोरेट मार्केटिंग वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि ब्रांड स्टोरीटेलिंग और उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण आज के बदलते बाजार में मार्केटिंग का चेहरा बदल रहा है। आईआईएम के निदेशक-प्रभारी प्रो. संजीव प्रशर ने कहा, हमारा लक्ष्य ऐसे फ्यूचर-रेडी और प्रतिभाशाली लोगों को विकसित करना है जो जटिलताओं को फुर्ती, संवेदनशीलता और उद्देश्यपूर्ण दृष्टिकोण से संभाल सकें।

**समर्पित सेवा के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान:** समारोह में एक विशेष स्थापना दिवस फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें आईआईएम रायपुर की सोलह वर्ष की यात्रा, उपलब्धियां और प्रभाव को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया गया। साथ ही आईआईएम रायपुर के शिक्षकों और कर्मचारियों को उनकी वर्षों की समर्पित सेवा के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए पीएचडी स्कॉलर्स को सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. ऋतु गुप्ता, डॉ. मृणाल छावड़ा व अन्य मौजूद थे।

Patrika (Mycity), 13 Oct. 2025, p. 02